Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
Lesson -2 नादान दोस्त	Topic: प्रश्नोत्तर तथा व्याकरण भाग	Note: Pl. write in your note book

पाठ - 2 - नादान दोस्त l

अति लघु उत्तरीय प्रश्न –

प्रश्न 1- चिड़िया ने अंडे कहाँ दिए थे ?

उत्तर- चिड़िया ने अंडे कार्निस पर दिए थे l

प्रश्न 2- किसके घर में चिड़िया ने अंडे दिए थे?

उत्तर- चिड़िया ने अंडे केशव और श्यामा के घर में दिए थेl

प्रश्न 3- चिड़िया ने कितने अंडे दिए थे ?

उत्तर - चिड़िया ने तीन अंडे दिए थे l

प्रश्न 4- बच्चों के मन में क्या जिज्ञासा थी ?

उत्तर - बच्चों के मन में अंडों को देखने की जिज्ञासा थी l

प्रश्न 5- श्यामा की नींद कब खुली ?

उत्तर - श्यामा की नींद चार बजे खुली l

प्रश्न 6- कहानी में केशव के पापा कहाँ गए थे?

उत्तर - कहानी में केशव के पापा दफ्तर गए थे l

लघु उत्तरीय प्रश्न –

प्रश्न1 - अंडों के बारे में केशव और श्यामा के मन में किस तरह के सवाल उठते थे?

उत्तर - अंडों के बारे में केशव और श्यामा के मन में कई तरह के सवाल उठते थे कि अंडे कैसे हैं ? कितने बड़े हैं ? किस रंग के हैं ? उनमें से बच्चे कैसे निकलेंगे आदि l

प्रश्न2 -बच्चे आपस में सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली क्यों दे दिया करते थे?

उत्तर - बच्चे आपस में सवाल-जवाब करके अपने दिल को तसल्ली दिया करते थे क्योंकि उनके सवालों के ज़वाब देने के लिए अम्मा और बाबू जी के पास समय नहीं था l

प्रश्न 3- श्यामा ने क्या सोचकर माँ से केशव की शिकायत की ?

उत्तर - श्यामा ने सोचा कि केशव को उसकी गलती की सज़ा मिलनी चाहिए इसलिए उसने माँ से केशव की शिकायत की l

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1- केशव ने श्यामा से चिथड़े, टोकरी दाना -पानी मँगाकर कार्निस पर क्यों रखे थे?

उत्तर - कार्निस पर चिड़िया के अंडे थे।केशव ने श्यामा से चिथड़े मँगवाकर उनकी गद्दी बनाई और अंडों के नीचे रख दी।उन्हें धूप से बचाने के लिए टोकरी से छत बनाई। चिड़िया को दूर न जाना पड़े इसलिए दाना -पानी मँगाकर कार्निस पर ही रख दिया ।

प्रश्न 2- माँ के सोते ही केशव और श्यामा दोपहर में बाहर क्यों निकल आए ? माँ के पूछने पर दोनों में से किसी ने भी दोपहर में किवाड़ खोलकर बाहर निकलने का कारण क्यों नहीं बताया ?

उत्तर- माँ के सोते ही केशव और श्यामा अंडों की सुरक्षा करने के लिए बाहर निकल आए । माँ के पूछने पर पिटाई के डर से दोनों में से किसी ने भी दोपहर में किवाड़ खोलकर बाहर निकलने का कारण नहीं बताया ।

शब्दार्थ -

1-कार्निस – दीवार के ऊपर का आगे बढ़ा हुआ भाग
A decorative border above the window

2 सुध – होश – Sense

3 तसल्ली – दिलासा – Satisfaction

4 गर्व – घमंड – Proud

5 पेचीदा – मुश्किल – Difficult, Hard

6 जिज्ञासा – जानने की इच्छा – Eager to know

7 अधीर – बेचैन – Restless

8 अनुमान – अंदाज़ा – Idea

9 प्रस्ताव – सुझाव – Suggestion

10 स्वीकृत करना – मंजूर होना – Accept

11 चाव – शौक – Interest

12 आँख बचाकर – नज़रों से बचकर – Sneaked (to hide)

13 उधेड़बुन – सोच विचार – Lost in thoughts, to think

14 हल करना – सुलझाना – Solving the problem

15 सूराख – छेद – A Hole
16 हिकमत – उपाय, युक्ति – Plan
17 हिफ़ाज़त – रक्षा – security, Safety
18 चिथड़े – फटे पुराने कपड़े – Rag, Old cloths
19 चटनी कर डालना – खूब पीटना – Beating hard
20 यकायक – एकदम – Suddenly
21 संयोग से – इत्तफ़ाक से – By chance
22 उल्टे पाँव दौड़ना – देखते ही दौड़ना – Returning back immediately
23 चेहरे का रंग उड़ना – घबरा जाना – Getting scared
24 उजला – साफ़ – Very clear
25 सहमी हुई- घबराई हुई – Afraid
26 सोटी – डंडा – Wooden stick
27 भीगी बिल्ली बना – डरा हुआ – Scared
28 थामना – सहारा देना – To Help
29 जोग – प्रयास – Try

व्याकरण भाग -

कारक (Case) - कारक चिह्न - ने ,को ,से(Through, By),के द्वारा, के लिए, से (from) का ,के , की, हे !, अरे ! आदि

प्रश्न1- निम्नलिखत वाक्यों में कारक चिह्न रेखांकित कीजिए l

1 - राम ने रावण को तीर से मारा l
2 - मीना ने गृहकार्य कर लिया है l
3 - मोना ने बच्चों के लिए खाना बनाया l
4 - पेड़ पर चिड़िया का घोंसला है l
5 - नदी में आम गिर गया है l
6 - पेड़ से फल और पत्ते गिर रहे हैं l
7 - अरे भाई ! मेरी सहायता करो l
8 - बच्चों के कमरे में दो खिलौने हैं l

प्रश्न- 2 दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए l

1 - जिसका कभी जन्म न होता हो - अजन्मा
2 - जिसका कोई कारण न हो - अकारण
3 - परिश्रम करनेवाला - परिश्रमी
4 - जिसके आने की तिथि निश्चित न हो - अतिथि
5 - जिसका अंत न हो - अनंत
6 - जो कभी न मरे - अमर

प्रश्न - 3 निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए I

	एकवचन		बहुवचन
1 -	घोड़ा	-	घोड़े
2 -	किताब	-	किताबें
3 -	आँख	-	आँखें
4 -	गाय	-	गाएँ
5 -	बेटी	-	बेटियाँ
6 -	तारा	-	तारे
7 -	मछली	-	मछलियाँ
8-	ताला	-	ताले

****